# वार्षिक परीक्षा 2017-2018
## हिन्दी साहित्य

**कक्षा : VI**
**समय : 2 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**I. शीर्षक एवं कवि का नाम लिखकर कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :-** **[1+1+4+4=10]**

लाख......................................चलते रहेंगे ।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :-** **[4x5=20]**

(क) अमीना अपनी कोठरी में बैठी क्यों रो रही थी ?

(ख) हामिद ने क्या सोचकर चिमटा खरीदने का फैसला किया ?

(ग) संकल्प अक्सर रिमोट से क्या करता रहता था ? क्या देखने में उसे मजा आता था ?

(घ) चिड़िया के बच्चे आंतकित क्यों थे ? एक दिन चिड़िया ने अपने बच्चों को लेकर खेत क्यों छोड़ दिया ?

**III. यह वाक्य किसने, किससे, कब और क्यों कहा ?** **[3x6=18]**

(क) "जल्दी आइए यह तो अपना ही घर है।"

(ख) "आपका कुरता फटा है, यदि इसे सी लिया होता, तो अच्छा होता।"

(ग) "यह चिमटा क्यों लाया बुद्धू ? इसका क्या करेगा ?"

**IV. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ :- (शब्द उतारें)** **[10+3=13]**

पृथक, कचोटना, असंभव, वंचना, संग, वरिष्ठ, तत्काल, इतमीनान, प्रवृत्ति, तत्पर

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दें :-** **[1x10=10]**

(क) चिड़िया ने अपना घोंसला कहाँ बनाया था ?

(ख) सज्जन किनसे मिलने आये थे ?

(ग) लक्ष्य तक पहुँचने में कौन हमारा साथ देता है ?

(घ) संकल्प की मौसी कहाँ रहती थी ?

(ङ) संकल्प का किस विषय का इम्तिहान था ?

(च) संकल्प रात में कितने बजे तक पढ़ता रहा ?

(छ) मौसी के बेटे का नाम क्या था ?

(ज) हामिद के पास कितने पैसे थे ?

Downloaded From www.icseboard.org

(झ) 'ईदगाह' पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

(ञ) हामिद के पिता की मृत्यु किस कारण से हुई थी ?

**VI. वाक्य शुद्ध करें :-** **[1x6=6]**

(क) सुबह को समाचार देते हुए बच्चे आंतकित थे ।

(ख) यह व्यवहार हमारे अपने लिए ही घातक है ।

(ग) इसी के साथ स्क्रीन पर संकल्प के घर के भीतरी हिस्से का दृश्य उभरा ।

(घ) इतने सारे लोगों को देखकर पुलिसवाले पहले ही हक्का-बक्का हो गए थे ।

(ङ) कितना मनोहर, कितना सुहावना शाम है ।

(च) अमीना का मन कचोट रहा है।

**VII. वर्त्तनी शुद्ध करें :-** **[3]**

लजजा, स्वालंबन, संवादाता, वरीष्ठ, अस्थीयाँ, मुशिकलों

Downloaded From www.icseboard.org